# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–16 अप्रैल 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह प्रदेश दौरे पर कानपुर आ सकते है। वह विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। साथ ही जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। कानपुर नगर के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कानपुर में शीघ्र ही प्रधानमंत्री का भ्रमण प्रस्तावित है।

**शीघ्र ही माननीय प्रधानमंत्री जी का भी भ्रमण प्रस्तावित है और जो एक हमारी महात्वाकांक्षी योजना है कानपुर मेट्रो की, उसका एक फेज पहले इनआगरेट हो चुका है और उसी क्रम में जो कानपुर सेंट्रल से चुन्नीगंज का सेक्शन है उसका भी लोकार्पण होना है पब्लिक के लिए यूज करने के लिए और उसके अलावा जो हमारा नेवेली पावर प्लांट है घाटमपुर में उसकी साढ़े छह सौ मेगावाट की यूनिट का लोकार्पण होना है और पनकी का भी। और इसके अलावा भी दो ढाई सौ हमारी ऐसी परियोजनाएं हैं जिसका शिलान्यास और लोकार्पण प्रस्तावित है।**

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म एवं ट्रांसफॉर्म के मंत्र के अनुरूप उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पुनर्गठन की आवश्यकता बल दिया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वर्ष 1995 में गठन के पश्चात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गतिविधियों, क्षेत्र, कार्यप्रकृति में व्यापक परिवर्तन आ चुका है। बदलते समय की आवश्यकताओं के दृष्टिगत इनमें परिवर्तन किया जाना चाहिए।**

**श्री योगी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 75 जिलों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 28 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। इन्हें 18 मण्डलों पर पुनर्गठित किया जाए। साथ ही, प्रत्येक जनपद में एक–एक कार्यालय स्थापित किया जाए। जिन मण्डलों में औद्योगिक गतिविधियां अधिक हैं, वहां एक से अधिक क्षेत्रीय कार्यालय बनाये जा सकते हैं। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि नए दौर की पर्यावरणीय चुनौतियों के समुचित समाधान के लिए बोर्ड में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, हैजार्डस वेस्ट, ई–वेस्ट और बायोमेडिकल वेस्ट प्रबन्धन सेल का गठन किया जाए।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने छात्रों और अभिभावकों को परिषद के नाम से किये जा रहे फर्जी कॉल्स से सतर्क रहने की चेतावनी दी है। ऐसे कॉल्स के जरिये वर्ष दो हजार पचीस में हुई हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाओं में पैसे देने पर अंक बढ़ाने का प्रलोभन दिया जा रहा है। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने स्पष्ट किया है कि ऐसे फोन कॉल साइबर ठगों द्वारा किये जा रहे हैं और उनका माध्यमिक शिक्षा परिषद से कोई लेना देना नहीं है। परिषद द्वारा इस संबंध में जारी सार्वजनिक सूचना के जरिये लोगों से अपील की गई है कि ऐसी कॉल्स आने पर तत्काल अपने जिले के जिला विद्यालय निरीक्षक को सूचित कर दें।

**********

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परकोटा के उत्तरी पश्चिमी कोण पर बने दुर्गा मंदिर के शिखर पर आज कलश की स्थापना की गई। यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से दी गई है। इससे पहले कल श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थापित संत तुलसीदास की प्रतिमा का पूजन के साथ लोकार्पण किया गया था। ट्रस्ट के अनुसार आगामी तीस अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन श्रीराम दरबार की स्थापना की जाएगी और जून में सभी विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

**********

धर्म और संगीत की नगरी काशी में विश्व प्रसिद्ध संकट मोचन संगीत समारोह के 102वें संस्करण का आगाज आज शाम को होगा। समारोह में आकर्षण का केंद्र आठ प्रख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। पद्मविभूषण पं. हरिप्रसाद चौरसिया के बांसुरी वादन से समारोह शुरू होगा। इसके अलावा मंदिर परिसर के कला दीर्घा में 100 से ज्यादा चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है जो पहले हुए कार्यक्रमों की झलकियां प्रस्तुत करती नजर आएंगी।

**********

भारत में रेल संचालन की आज एक सौ बहत्तरवीं वर्षगांठ है। सोलह अप्रैल अठारह सौ तिरपन को देश में पहली रेलगाड़ी चलाई गई थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उस ऐतिहासिक क्षण को याद किया जब रेलगाड़ी महाराष्ट्र के बोरीबंदर से ठाणे के लिए रवाना हुई थी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री वैष्णव ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया है।

**********

प्रदेश के पूर्वी हिस्से में कल से जबकि पश्चिमी हिस्से में अठारह से लेकर बीस अप्रैल तक कहीं कहीं बारिश और गरज चम के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग ने अपने दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन में यह जानकारी दी है। विभाग ने कल और अठारह अप्रैल को रात में ऊष्णता बढ़ने की चेतावनी दी है। साथ ही अठारह से लेकर बीस अप्रैल तक कहीं कहीं तेज झोंकेदार हवाएं चलने और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

**********